राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

कोर्स रिपोर्ट

इन्वेस्टिगेशन ऑफ इकोनोमिक ऑफेंसेज

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में दिनांक से 27.08.2018 से 31.08.2018 तक "इन्वेस्टिगेशन ऑफ इकोनोमिक ऑफेंसेज" विषय पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स का आयोजन किया गया। इस कोर्स में राजस्थान पुलिस के 01 उप पुलिस अधीक्षक, 02 कम्पनी कमाण्डर, 15 सब इस्पेक्टर एवं 02 प्लाटून कमाण्डर , कुल 20 अधिकारियों ने भाग लिया।

Course on Investigation of Economic offences
Rajasthan Police Academy, Jaipur
27.08.2018 to 31.08.2018

Sitting Row L to R = Asha Singh, Ahad khan Dy.S.P, Rajendra Choudhary, Narayan Togas Addl.S.P, Gyan Prakash Naval Dy.S.P, Kaushlya, Kavita Dal
Ist Row L to R = Keshar, Ashok Kumar Soni, Bhupendar Singh, Vinod Sankhala, Desh RAj Kuldeep, Ladu Ram, Narendra Singh
IInd Row L to R = Ashutosh Charan, Narendra Singh, Surendar Singh, Prahlad Meghwal, Hawa Singh, Hari Singh Rawat, Har Lal, Prem Raj

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस में श्री एम.एम.अत्रे, आई.जी.पी. (सेवानिवृत्त) ने धोखाधड़ी, आपराधिक दुर्विनियोग, आपराधिक न्यास भंग आदि अपराधों के बारे में विस्तार से बताते हुए अनुसंधान के दौरान ली जाने वाली साक्ष्य तथा ध्यान रखने योग्य बिन्दुओं के बारे में बताया। श्री राजेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर ने इकोनॉमिक ऑफेन्स से संबंधी जानकारी प्रदान की।

द्वितीय दिवस को श्री मिलिन्द अग्रवाल सायबर एक्सपर्ट ने बैंकिंग धोखाधड़ी, बैंक की पुलिस से अपेक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों क सामान्य परिचय एवं हाल के रुझानों और अपराधों की पहचान रोकथाम और जांच के साथ ऑनलाइन बैंकिंग अपराध के संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री धीरज वर्मा पुलिस निरीक्षक आरपीए, ने "ड्रग ट्रैफिकिंग और नारको आतंकवाद" पर व्याख्यान दिया।

तृतीय दिवस को श्री राजेश दुरेजा, पुलिस निरीक्षक, एटीएस, जयपुर ने मोबाइल और कंप्यूटर और केस स्टडी की मदद से आर्थिक अपराध मामलों की जांच कैसे करें बताया। श्री

अशोक गुप्ता डीसीपी वेस्ट, जयपुर आयुक्तालय, जयपुर ने आर्थिक अपराधों के केस अध्ययन की जानकारी दी।

चतुर्थ दिवस को श्री आर.एस.शर्मा, अतिरिक्त निदेशक (सेवानिवृत्त), राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, जयपुर ने डिजिटल साक्ष्य को एकत्रित करना एवं दस्तावेजी साक्ष्यों व विवादित दस्तावेज के परीक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की। श्री अभिषेक जैन, मैनेजर सेबी, जयपुर ने सुरक्षा बाजार की मूल अवधारणा सेबी द्वारा जांच और प्रवर्तन, प्रतिभूतियों में अवैध व्यापार और धन जुड़ाव की अवैध योजना के बिन्दुओं पर मार्गदर्शन किया।

कोर्स के अन्तिम दिवस को श्री आर. एस. बत्रा, आर.ए.एस. (सेवानिवृत्त) द्वारा भूमि संबंधी विवादों के अनुसंधान, डबल पट्टा, पावर ऑफ एटॉरनी, ट्रॉसफर ऑफ प्रापर्टी के संबंध में व्याख्यान दिया गया

कोर्स के समापन सत्र में श्री राजेन्द्र सिंह, पुलिस उप अधीक्षक ने प्रत्येक कोर्स को फील्ड ओरियेन्टेड बनाने की आवश्यकता के साथ ही जीवन शैली में परिवर्तन कर पुलिस अधिकारी को चुस्त व स्वस्थ रहने की आवश्यकता पर जोर दिया व प्रतिभागियो को प्रमाण-पत्र वितरित किये।

(ज्ञान प्रकाश नवल)
कोर्स प्रभारी
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर।